अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

## महिलाओं का कहना, भय मुक्त समाज का हो निर्माण

**शहडोल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। महिला दिवस का उद्देश्य समाज में महिलाओं के समान अधिकारों, अवसरों और सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाना है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता से यह साबित किया है कि वे किसी भी कार्य में पुरुषों से कम नहीं हैं। आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य, पुलिस सेवा, खेल, अंतरिक्ष, व्यापार, राजनितिक, पुलिस आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में पुरूषो के साथ कदम से कदम मिलाकर देश, विदेश में परचम लहराकर अपना योगदान दे रही है।

यातायात थाना प्रभारी सूबेदार प्रियंका शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र चाहे वो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, खेल, जिसमें जो







महिलाओं की उपलब्धियां हैं जिसमें महिलाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को संदेश देना चाहूंगी कि सभी महिलाएं सर्वप्रथम अपने उत्थान और अपनी सुरक्षा के लिए सजग रहे। आज भी अधिकांश परिवार में महिलाओं को स्वयं निर्णय लेने के अधिकार नहीं हैं, इसके लिए हमें यह प्रयासरत करना चाहिए।

सूबेदार प्रियंका शर्मा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक सुरक्षित समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब इसकी नींव हम अपने घर से रखें, हम अपने घर में अपने परिवार में अपने बच्चों को चाहे बेटा हो या बेटी उन्हें शुरू से अच्छे संस्कार दें जिससे कि भविष्य में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सके।

जिला क्षय केंद्र शहडोल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पदस्थ कहकशा फातमा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के युग में महिलाएं हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो चाहे वह राजनीति के क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में हो या चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में हो। महिलाएं हर जगह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर अपने कार्य का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे वह अपने परिवार एवं स्वयं के दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर रही हैं।

महिला आरक्षक अंजली मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर महिला को आत्मनिर्भर और आत्म विश्वास से भरपूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों को पहचानना होगा, सुरक्षा के प्रति सतर्क होना होगा तथा अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। महिला आरक्षक अंजली मिश्रा का कहना है कि हम सब मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण करें जहां महिलाएं बिना किसी भय के, बिना डरे हुए आगे बढ़ सके और अपने सपनों को साकार कर सकें।



## वन्य प्राणी शिकार के पांच आरोपियों की जमानत निरस्त, गये जेल

**पन्ना, देशबन्धु।** वन संरक्षक छतरपुर नरेश यादव के मार्गदर्शन एवं वन मंडलाधिकारी अनुपम शर्मा एवं उप वन मंडलाधिकारी पवई डॉ कल्पना तिवारी के लगातार जांच कार्यवाही एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी रैपुरा रजित द्विवेदी एवं परिक्षेत्र सहायक रामगोपाल विश्वकर्मा व प्रेमशंकर सिंह, वन रक्षक, प्रमोद कुमार वन रक्षक, सुमंत कुमार वन रक्षक, संदीप तिवारी वन रक्षक, एवं अन्य अधीनस्थ सहयोगी दल, प्रकरण मे विभाग की ओर से नियुक्त अधिवक्ता बीके तिपाठी द्वारा विधि पूर्वक पैरवी किये जाने पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,39,50,51 के तहत दर्ज अवैध शिकार प्रकरण 28 अक्टूबर 2024 में गिरफ्तार 5 आरोपियों 1. विश्राम चौधरी 2. मुकेश चौधरी 3. दुर्गेश चौधरी 4. लखन आदिवासी 5. अशोक चौधरी सभी आरोपियों को 4 नवंबर 2024 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पवई के जमानती आदेश को 4 मार्च 2025 को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवई द्वारा निरस्त कर सभी 5 आरोपियों को अग्रिम आदेश तक के लिए उप जेल पवई न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

### सार-समाचार



## तीसरी रेलवे लाइन समपार निर्माण कार्य हेतु रात में बंद रहेगा नौरोजाबाद- उमरिया मार्ग

**उमरिया, देशबन्धु।** शहडोल -कटनी रेल खंड में तीसरी रेलवे लाइन के रेलवे फाटक में आवश्यक निर्माण कार्य किये जाने के लिए आगामी रात 10 बजे से 8/3/25 से सुबह 04 बजे 9/03/2025 तक 6 घंटे तक निर्माण कार्य संचालित किया जाना सुनिश्चित हुआ है तीसरी लाइन के निमार्ण हेतु करकेली उमरिया के बीच स्थित अमहा समपार क्रमांक बी के 86(अमहा फाटक) कों पूर्ण रूप से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा इस आशय का पत्र क्रमांक /नि/शहडोल/BK 86 कार्यालय अभियंता निर्माण द पूर्व मध्य रेलवे शहडोल निर्माण रेलवे स्टेशन के पास स्टेशन के पास शहडोल के व्दारा कलेक्टर उमरिया को पत्र लिखकर सूचित किया है कि 8/3/2025 को रात 10 बजे से 9/3/2025 को सुबह 04 बजे तक समपार फाटक क्र.86 जो कि शहडोल -उमरिया के बीच तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है,जिसके लिए सड़क मार्ग का आवागमन प्रभावित होगा ।, इसके लिए समपार फाटक के पास स्थित। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक उमरिया और एसडीएम उमरिया- स्टेशन प्रबंधक नौरोजाबाद एवं करकेली को भी विधिवत रूप से प्रेषित किया गया है ।

## अजय सिंह और शैलेंद्र मार्को बने मीडिया विभाग के जिला समन्वयक

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग को नई जिम्मेदारियां मिली हैं। अजय सिंह और शैलेंद्र मार्को को प्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग का जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने खुशी जताई है। जिला अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव और यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने दोनों नेताओं को बधाई दी है। जिला प्रवक्ता अशोक गौटिया ने शुक्रवार को बताया कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे मीडिया विभाग का कार्य और कम्युनिकेशन भी बेहतर होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर काम करने की अपील की है।

## घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात किये पार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में सूने घर का ताला तोड़कर घुसे बदमाश सोने-चांदी के जेवरात और नकद रुपए चोरी कर फरार हो गए। घर का मालिक शुक्रवार सुबह घर पहुंचा तो दरवाजा खुला हुआ मिला। उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, तब उसे चोरी की जानकारी मिली। इसके उसने पुलिस को सूचना दी। पांच चोर पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के कोयलारी वार्ड नंबर 13 की है।

पुलिस वारदात की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, कोयलारी वार्ड नंबर 13 निवासी अनिल वर्मा गुरुवार शाम घर में ताला लगाकर कंचनपुर स्थित अपने दूसरे घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह वे कोयलारी वाले घर लौटे तो दरवाजा खुला था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अनिल वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब थी, जिसके कारण वह कंचनपुर में अपने दूसरे घर में पत्नी के साथ रुके थे। आज वापस लौटा तो चोरी का पता चला। अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और नकद रुपए गायब हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। 2 लाख रुपए से अधिक की चोरी बताई जा रही है। जिस घर में चोरी हुई, उसके बाजू वाले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पांच बदमाश नजर आए हैं। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

## ब्यौहारी जेई को तत्काल हटाया जाए अन्यथा होगा उग्र आंदोलन : अजय

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** विधानसभा अंतर्गत कई गांव में एक हफ्ते से लाइट काट दी गई है बच्चों का पेपर लाइट न होने के कारण प्रभावित हो रहा है किसानों की फसल सूख रही है गांव में लोग पानी को तरस रहे हैं प्यास के कारण मवेशी मर रहे हैं ब्यौहारी जेई जन समस्याओं को सुनना पसंद नहीं करते समाज सेवी अजय सिंह पेंड्रों 'मोनू' ने बताया कि गांव में जिनका बिल जमा नहीं है उनको नोटिस दीजिए उपरांत कनेक्शन काट दीजिए लेकिन चंद लोगों की वजह से पूरे गांव को अंधेरे में रखना न्याय संगत नहीं है कलेक्टर महोदय से हमारी मांग है कि जो अधिकारी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करे किसानों के साथ अन्याय करें ऐसे जेई को ब्यौहारी से हटाना चाहिए। ब्यौहारी जेई को नहीं हटाया गया तो मानसिंह और अजय पेंड्रों के नेतृत्व में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी प्रशासन के उच्च अधिकारियों की होगी।

## सूने घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने की चोरी, सीसीटीवी में हुए कैद

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में सूने घर का ताला तोड़कर घुसे बदमाश सोने-चांदी के जेवरात और नकद रुपए चोरी कर फरार हो गए। घर का मालिक शुक्रवार सुबह घर पहुंचा तो दरवाजा खुला हुआ मिला। उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, तब उसे चोरी की जानकारी मिली। इसके उसने पुलिस को सूचना दी। पांच चोर पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के कोयलारी वार्ड नंबर 13 की है। पुलिस वारदात की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, कोयलारी वार्ड नंबर 13 निवासी अनिल वर्मा गुरुवार शाम घर में ताला लगाकर कंचनपुर स्थित अपने दूसरे घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह वे कोयलारी वाले घर लौटे तो दरवाजा खुला था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अनिल वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब थी, जिसके कारण वह कंचनपुर में अपने दूसरे घर में पत्नी के साथ रुके थे। आज वापस लौटा तो चोरी का पता चला। अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और नकद रुपए गायब हैं।

सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। 2 लाख रुपए से अधिक की चोरी बताई जा रही है। जिस घर में चोरी हुई, उसके बाजू वाले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पांच बदमाश नजर आए हैं। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

## ट्रैक्टर लेकर भागे, रास्ते में गिरा दी रेत पर पलट गया बेकाबू वाहन

**शहडोल, देशबन्धु।** खैरहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को छपरी घाट सरफा नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना पर थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने लगा। भागते समय उसने हाइड्रोलिक उठाकर रेत को रास्ते में ही गिरा दिया। जंगल के रास्ते भागते समय ट्रैक्टर बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस की जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर चालक मुकेश कोल और वाहन मालिक विपिन द्विवेदी बोडरी गांव के निवासी हैं। दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ खनिज अधिनियम और शासकीय कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत उमरिया-शहपुरा रोड पर ग्राम बिचुआ के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार (क्रमांक एमपी 54 एमडी 5929) ग्राम छीरपानी निवासी अशोक सिंह (45) की मौत हो गई। अशोक उमरिया से अपने घर लौट रहे थे। वहीं, ग्राम तामन्नारा से उमरिया की ओर आ रहे प्लेटिना बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए।

घायलों में ग्राम रोहनिया निवासी सुरेंद्र सिंह पिता जयभान सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि पीयूष सिंह पिता विमल सिंह निवासी ग्राम मगरघरा और पंजाब सिंह निवासी ग्राम छटन को सामान्य चोटें आई हैं। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घायल पंजाब सिंह ने बताया कि वे लोग ग्राम मगरघरा में अपने मामा के यहां गए थे। वहां से तामन्नारा होकर लौट रहे थे। ग्राम बिचुआ के पास सामने से ट्रक आ गया, जिससे बाइक सवार ध्यान नहीं दे सके और इसी दौरान दूसरी बाइक आ गई, जिससे टक्कर हो गई।

कोतवाली थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही एएसआई उमेश सिंह को कोतवाली स्टाफ के साथ मौके पर रवाना किया गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल उमरिया भेजा गया। जिले में शव वाहन उपलब्ध न होने के कारण वाहन की व्यवस्था कर शव जिला अस्पताल लाया गया, जहां शव को मर्चुरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## कोयला निकालने के लिए 90 के दशक में भूमि का किया था अधिग्रहण, नौकरी देने का वादा आज भी है अधूरा

**शहडोल, देशबन्धु।** कोल इंडिया की एसईसीएल ने शहडोल जिले में कोयला निकालने के लिए 90 के दशक में किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया था। कॉलरी प्रबंधन ने किसानों की जमीन से बेशकीमती कोयला निकाल कर करोड़ों का मुनाफा तो कमा लिया।

लेकिन जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण कर उन्हें नौकरी देने का वादा किया था वह वादा आज भी अधूरा है। नौकरी की उम्मीद में किसानों की एक पीढ़ी लाठी के सहारे जीवन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई और दूसरी पीढ़ी भी रिटायरमेंट के करीब खड़ी है।

एसईसीएल की इस वादाखिलाफी से सोहागपुर एरिया अंतर्गत 4 ग्राम पंचायतें मुख्य रूप से प्रभावित हुई हैं। इनमें छिरहटी, खन्नाथ, नौगांव और सिरोंजा गांव शामिल है। 90 के दशक में प्रबंधन ने यहां से 100 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि का अधिग्रहण कर किसानों को मुआवजे और नौकरी का नोटिस भी बांट दिया था। लेकिन जब नौकरी और मुआवजा देने की बात आई तो नियम के फेर में अटका कर प्रबंधन किसानों के साथ छलावा कर रही है। 70 साल बीत जाने के बाद भी इस वक्त जवान व्यक्ति आज बूढ़ा हो चला है फिर भी नौकरी का इंतजार कर रहा है।



### 47 परिवारों के भविष्य से खिलवाड़

आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम खन्नाथ, छीरहटी, नौगांव , सिरोंजा क्षेत्र के लगभग 47 किसानों के परिवार ऐसे हैं , जिनका साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सोहागपुर एरिया कोल प्रबंधन ने 90 के दशक में जिन सैकड़ो किसानों की भूमि अधिग्रहण की थी। कालरी प्रबंधन के द्वारा भूमि अधिग्रहण के एवज में नौकरी दिए जाने का किसानों के नाम प्रकाशित किये गये और किसानों को कार्यालय से नोटिस भी जारी किया गया। जिले में स्थित रोजगार कार्यालय ने उनके रोजगार को लेकर पंजीयन और पुष्टि तक की प्रक्रिया पूरी की। राजस्व विभाग ने पुलिस तथा अन्य विभागों से नौकरी के संदर्भ में की जाने वाली प्रक्रिया का कोरम भी पूरा किया, लेकिन नौकरशाही और कोल प्रबंधन की लापरवाही ने 47 परिवारों का भविष्य शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है।

### दूसरी पीढ़ी को नौकरी का इंतजार

कोल प्रबंधन ने राजेंद्रा भूमिगत खदान से करोड़ों रुपए का कोयला हर माह बीते 3 दशकों से लगातार उत्खनन किया, इसके फलस्वरूप क्षेत्रीय किसानों को धूल, धुआ और बंजर भूमि दे दी। हालत यह है कि भूमिगत खदान के कारण क्षेत्र का भूजल स्तर काफी नीचे चला गया, किसान खाली पड़े कुछ भूखंडों पर यदि खेती भी करते हैं तो वहां पानी नीचे रिस जाने के कारण टिक नहीं पता। बोई गई फसलें इसी वजह सूख जाती है, क्षेत्र में बेरोजगारी की स्थिति अपने चरम पर हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 90 के दशक में 35 साल के ग्राम खन्नाथ के नंदूराम पटेल आज 75 साल के हो गए और अब उन्हें ना तो आंखों से ठीक दिखता है और नहीं वह ठीक से चल पाते हैं, अब उसकी जगह उसका 37 साल का पुत्र दीपक पटेल हाथ में फाइल लेकर अन्य दर्जनों किसान पुत्रों की तरह कोल इंडिया के कार्यालय और नेताओं के घरों की डेहरी नाप रहा है।

## पिकअप और बाइक की भिड़ंत में दो घायल, चालक फरार, गाड़ी जब्त



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के जोरा गांव में एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राजेंद्र प्रसाद यादव और राम प्रकाश यादव घायल हो गए। घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे की है। वहीं ड्राइवर गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। दोनों युवक अपने घर ब्यौहारी लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 100 को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थाना प्रभारी अरुण पांडेय के अनुसार घायल युवकों का उपचार जारी है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सहायक आयुक्त ने संभाला मोर्चा, कन्या छात्रावास मैदान को सुरक्षित कराने में निभाई भूमिका

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** लंबे अरसे से असुरक्षा के साये में चल रहे कन्या छात्रावास को सुरक्षित कराने में सहायक आयुक्त उमरिया ने महती भूमिका निभाते हुए आज प्रांगण के मुख्य व्दार में गेट लगवाने के लिए विधिवत हिन्दू रीति रिवाज के साथ भूमि पूजन करते हुए गेट लगवाने का काम शुरू कराया गया ।



इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह, पी आई यू इंजीनियर श्री डाबर, पी आई यू ठेकेदार राघवेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा शिक्षा विभाग के अधीक्षक एवं खंड शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य व्दार में गेट लगवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी । विदित होवे कि कन्या छात्रावास परिसर को पार्किंग स्थल बनाने की खबर लंबे समय से समाचार पत्रों की सुर्खियों में बना रहा, जिसको लेकर कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन ने गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त उमरिया को छात्रावास परिसर को सुरक्षित कराने के निर्देश प्रसारित किये थे, जिसके परिपालन में सहायक आयुक्त उमरिया ने पाली पहुंच कर छात्रावास परिसर से गाड़ियों को हटवाते हुए परिसर को सुरक्षित कराने हेतु गेट लगवाने की कार्यवाही सुनिश्चित किया गया।

सहायक आयुक्त ने इस मामले में जिस तरह संवेदनशीलता दिखाई है वह काबिले तारीफ है , लेकिन अन्य मामले जो वर्षों से लंबित है उन पर भी प्रशासनिक अधिकारियों के व्दारा यही तत्परता दिखाये तो बेहतर होगा।

## खराब चावल मामले में शाखा प्रबंधक व प्रभारी के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रदाय केन्द्र शाहनगर गोदाम में कीटयुक्त चावल भंडारित पाए जाने तथा उचित मूल्य दुकानों में इसकी सप्लाई पर वेयरहाउस शाहनगर के शाखा प्रबंधक बलवीर सिंह पिप्पल एवं सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के प्रदाय केन्द्र शाहनगर के प्रभारी प्रभांशु द्विवेदी के विरूद्ध निलंबन और विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रबंध संचालक, मुख्यालय भोपाल को भेजा है।

इस संबंध में पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने पर उक्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने जिला प्रबंधक स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन पन्ना को शाहनगर प्रदाय केन्द्र अंतर्गत भंडारित चावल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से परीक्षण कर एफएक्यू गुणवत्ता का चावल दुकानों में प्रदाय करने के निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहनगर द्वारा खाद्यान्न उठाव प्रदाय केन्द्र शाहनगर अंतर्गत कुछ उचित मूल्य दुकानों को निम्न गुणवत्ता का चावल प्रदाय करने की शिकायत पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शाहनगर से जांच कराई गई थी।

शाहनगर ब्लॉक के उचित मूल्य दुकान परासी, मलघन, नांद चांद, गजंदा, रैगुआ, बुधरोड़, रामगढ़ा और देवरी में जांच के दौरान निम्न गुणवत्ता के चावल की सप्लाई पाई गई। साथ ही गोदाम की जांच पर कुछ मात्रा में खराब गुणवत्ता का कीटयुक्त चावल का भंडारण भी पाया गया था।